19.08.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज राजस्थान के कोटा–बूंदी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को दी मंजूरी।
- प्रदेश में मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसलों की दी गई मंजूरी, 5 जिलों में खुलेंगे आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय।
- उपराष्ट्रपति निर्वाचन के लिए एनडीए के सीपी राधाकृष्णन के सामने इंडी गठबंधन ने बी सुदर्शन रेड्डी को बनाया उम्मीद्वार।
- एशिया कप क्रिकेट के लिए सूर्यकुमार यादव होंगे भारतीय टीम के कप्तान।

कैबिनेट-मंजूरी

प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गयी। संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने एक हजार पांच सौ सात करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर राजस्थान के कोटा-बूंदी में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के विकास की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अनुमानित यातायात वृद्धि की समस्या का प्रबंधन करना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में 74 एयरपोर्ट थे। 11 वर्षो में दोगुने से भी ज्यादा होकर 162 एयरपोर्ट हो गये हैं।

मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने आठ हजार तीन सौ सात करोड़ रुपए से अधिक की लागत पर ओडिशा में छह मार्ग से जुडे राजधानी क्षेत्र नियंत्रित रिंग रोड़ के निर्माण की भी मंजूरी दी है। इससे व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए नये द्वार खुलेंगे।

प्रदेश-मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गी; ने बताया कि मेक इन इंडिया के तहत भोपाल जिले की बैरसिया में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर 2.0 परियोजना की स्थापना को स्वीकृति दी गई। बैठक के दौरान प्रदेश के 5 जिलों—नर्मदापुरम, मुरैना, बालाघाट, शहडोल और सागर में नवीन शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय और वेलनेस सेंटर की स्थापना का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए 1570 नवीन पदों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इसके साथ हि गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में इंडोक्राइनोलॉजी विभाग की स्थापना और 20 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई।

अन्य फैसलों में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत छात्रावासों में विद्यार्थियों को अब 12 माह के लिए शिष्यवृत्ति दी जाएगी। वहीं, मध्यप्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 2025 को भी मंत्रि-परिषद ने अनुमोदित किया, जिसके तहत अवकाश संबंधी कई नये प्रावधान लागू होंगे। समाज में

साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नगरीय निकायों में गीता भवन योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त मुरैना जिले के कैलारस शक्कर कारखाने को MSME विभाग को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री – डेयरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और प्रदेश के दुग्ध संघों की गतिविधियों के संबंध में मंत्रालय में हुई बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विश्वविद्यालयों में वेटनरी कोर्स शुरू हों और नगरीय निकायों की गोशालाओं के उन्नयन में भी डेयरी बोर्ड का सहयोग लिया जाए। बैठक में इंदौर दुग्ध संघ द्वारा मोबाइल एप, भोपाल संघ की 'दूध का दूध-पानी का पानी' और 'सांची भात योजना' जैसी नवाचारों की जानकारी दी गई। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के पदाधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल - मंडला

राज्यपाल मंगुभाई पटेल कल मंडला में आयोजित होने वाली आयुष विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल होंगे। कार्यशाला "परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन" पर केन्द्रित होगी। कार्यशाला में आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार सहित अन्य मंत्रीगण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इससे पहले आज राज्यपाल श्री पटेल ने मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड के ग्राम अमाही में आयोजित पीएम जनमन योजना अंतर्गत लाभान्वित बैगा एवं भारिया समुदाय के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उपराष्ट्रपति – निर्वाचन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन का परिचय कराया। श्री मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से श्री राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेडडी को इंडिया गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की है। श्री रेडडी 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितम्बर को होगा।

मुख्यमंत्री- रक्षाबंधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल नर्मदापुरम रोड एवं खुसिपुरा चाँदबढ़ में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस अवसर पर लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को विशाल राखी भेंट कर उनका अभिनंदन किया। संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों में काम करने वाली महिलाओं को सरकार पांच हज़ार रूपए की आर्थिक सहायता देगी।

मुख्यमंत्री -जन अभियान परिषद्

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में जन अभियान परिषद् की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि जन अभियान परिषद् से जुड़ी संस्थाएं नशामुक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। बैठक में बताया कि "माटी गणेश-सिद्ध गणेश" अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रमुख माध्यम बनेगा। इसके तहत परिषद् का नेटवर्क गांव और वार्डों की महिलाओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित कर रहा है, जिससे घर-घर माटी गणेश विराजित और विसर्जित होंगे। इससे स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण दोनों को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक में परिषद् के उपाध्यक्ष मोहन नागर, अपर मुख्य सचिव नीरज मण्डलोई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खेल

एशिया कप टीम की कमान सूर्यकुमार यादव को सौंपी गई है, जबकि शुभमन गिल उप-कप्तान होंगे। oghaa बीसीसीआई ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 और एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। महिला विश्व कप में कमान हरमनप्रीत कौर को सौंपी गई है ,जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। वहीँ दो बार की ओलिम्पिक पदक विजेता मनु भाकर ने आज कजाख्स्तान में एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। चीन की खिलाडी पहले और कोरिया की खिलाडी दूसरे स्थान पर रहीं।

## मौसम

प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश कें अलीराजपुर] बड़वानी] खरगोन] बैतूल] छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश से एक मानसून टर्फ गुजर रही है। इस वजह से इंदौर-उज्जैन संभाग में तेज बारिश हो रही है। वहीं दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन] दो टर्फ और एक लो प्रेशर एरिया भी एक्टिव है। जिसके कारण अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। राजधानी भोपाल सहित इंदौर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में ज्यादा असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग द्वारा यहां 21 अगस्त से अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

## समाचार संक्षेप में .....

- उज्जैन के विक्रम विश्वविद्याल ने कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम्स कोर्स शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय और टी.सी.एस. के साथ कल एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।
- केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 22 और 23 अगस्त को अशोकनगर जिले के दो दिवसीय दौरे पर बाढ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे।
- नर्मदापुरम कलेक्टर ने जिले के बनखेड़ी विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों धड़ाव पड़ाव और डगरहाई ग्राम पंचायत दो शिक्षकों की गैरहाजिरी और मूंग खरीदी में गड़बड़ी की शिकायतों पर जांच के आदेश दिए हैं।
- नीमच जिले मे कलेक्टर ने जनसुनवाई में 85 आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश दिये।
- छिंदवाड़ा युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय आईटीआई पांढुर्ना में कल किया जाएगा।
- विश्व मानवता दिवस पर आगरमालवा जिले के ग्राम बापचा स्थित शासकीय नवीन हाईस्कूल में छात्र–छात्राओं से संवाद कार्यक्रम एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।
- सीहोर जिले में आज नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन के मामले में जिला खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए 7 रेत पनडुब्बियां जब्त की है ।
- मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी ने हज 2026 के लिए अग्रिम हज राशि का भुगतान न करने वाले यात्रियों से कल तक राशि का भुगतान अनिवार्य रूप से करने की सूचना जारी की है।

--------------------------------